भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 23 APRIL 2026

हिसार एयरपोर्ट : 5 मिनट के अंतराल पर विमानों के उड़ान संचालन के लिए तैयार

सिविल एविएशन विभाग की एसीएस ने एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

हिसार। सिविल एविएशन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी अनुपमा ने बुधवार को महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने एयरपोर्ट पर चल रहे विकास कार्यों के बारे अधिकारियों की बैठक ली। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों ने बताया कि हिसार हवाई अड्डे से प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल पर हवाई जहाज लैंड और टेक ऑफ हो सकते हैं। कैट 2 और ऑटो पायलट मोड पर लैंड करने के लिए आईलैश की अनुमति मिलनी बाकी है। उन्होंने हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए परिसर में बेहतर बस सेवा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि लंबित अनुमति के लिए डीजीसीए से

निर्माण कार्यों व भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते अतिरिक्त मुख्य सचिव

निरंतर संपर्क में रहें। अभी महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे से दिल्ली, जयपुर, चंडीगढ़ और अयोध्या के लिए उड़ान सेवा उपलब्ध है। जल्द ही अहमदाबाद और जम्मू के लिए हवाई सेवा आरंभ करना प्रस्तावित है। इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के पहले चरण की स्थापना के उपरांत यहां पर काफी संख्या में हवाई जहाजों का परिचालन होगा।

उन्होंने हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए परिसर में बेहतर बस सेवा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक के उपरांत अतिरिक्त मुख्य सचिव ने हवाई अड्डा परिसर के रनवे टर्मिनल बिल्डिंग व एटीसी बिल्डिंग के निर्माण कार्यों के संबंध में भी निरीक्षण किया। उपायुक्त महेंद्र पाल, अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद, एयरपोर्ट डायरेक्टर ओपी सैनी, डीएम अजय सक्सेना, प्रोजेक्ट डायरेक्टर कैप्टन एएस गिल मौजूद रहे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 23 APRIL 2026

उड़ान भरने की तैयारी में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

- नोएडा एयरपोर्ट से मई के अंतिम सप्ताह में विमानों का संचालन शुरू होने की संभावना
- यापाल बोर्ड में विदेशी सीईओ बदलने पर बनी सहमति
- सिक्योरिटी क्लियरेंस की अड़चन होगी दूर

एयरपोर्ट को जल्द से जल्द पूर्ण रूप से परिचालन योग्य बनाने के लिए सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय के साथ काम कर रही हैं। डीजीसीए, बीसीएएस और अन्य विभागों के बीच निरंतर बैठकें हो रही हैं ताकि बाकी बची औपचारिकताएं शीघ्र पूरी की जा सकें : आरके सिंह, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ

ग्रेटर नोएडा, 22 अप्रैल (देशबन्धु)। जेवर में स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जिसे यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी कहा जाता है) का औपचारिक उद्घाटन 28 मार्च 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा चुका है। इसके बाद से संचालन की तैयारियां तेज गति से चल रही हैं। हालांकि, व्यावसायिक उड़ानों की शुरुआत अभी अंतिम चरण में अटकी हुई है। मई 2026 के अंतिम सप्ताह तक पहली उड़ानें शुरू होने की संभावना जताई जा रही है, लेकिन इसके लिए ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) की मंजूरी सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है।

बीसीएएस आपत्तियों का निस्तारण : 10 दिनों का लक्ष्य

एयरपोर्ट ऑपरेटर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापाल) ने एयरपोर्ट सिक्योरिटी प्रोग्राम (एएसपी) की मंजूरी के लिए आवेदन किया है। बीसीएएस ने कुछ तकनीकी, प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी बिंदुओं पर आपत्तियां दर्ज की हैं, जिन्हें अगले 10 दिनों के अंदर दूर करने का लक्ष्य रखा गया है। सबसे चर्चित मुद्दा विदेशी सीईओ से जुड़ा है। वर्तमान में स्विस नागरिक क्रिस्टोफ श्नेलमैन एयरपोर्ट के सीईओ हैं, जिन्होंने छह साल से इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व किया है। बीसीएएस और गृह मंत्रालय (एमएएच) की सुरक्षा नियमों के अनुसार, ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के सीईओ पद पर विदेशी नागरिक की नियुक्ति पर आपत्ति है। सूत्रों के अनुसार, इस नियम को ढील देने की मांग खारिज कर दी गई है, जिसके चलते भारतीय नागरिक को सीईओ पद पर नियुक्त करने की संभावना मजबूत हो गई है। यह कदम उठाए बिना एएसपी की अंतिम मंजूरी मुश्किल मानी जा रही है। एक बार एएसपी मंजूर होने के बाद ऑपरेशंस शुरू होने में लगभग 45 दिन का समय लग सकता है। मंगलवार को यापाल बोर्ड की बैठक में इन बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिस पर भारतीय सीईओ नियुक्त करने पर विचार किया गया।

प्रारंभिक चरण में क्या होगा संचालन?

संचालन शुरू होने पर पहले चरण में देश के 17 प्रमुख शहरों के लिए घरेलू उड़ान सेवाएं उपलब्ध होंगी। रोजाना 60 से 70 फ्लाइट्स के टेकऑफ और लैंडिंग का अनुमान है। इंडिगो एयरलाइंस पहली कमर्शियल फ्लाइट संचालित करने की तैयारी में है। इससे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र की भीड़भाड़ वाले इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दबाव कम होगा और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत बढ़ावा मिलेगा।

वर्तमान क्षमता व भविष्य की योजनाएं

पार्किंग सुविधा : फिलहाल एयरपोर्ट पर 25 विमानों की पार्किंग की व्यवस्था है। **विस्तार की योजना :** 25 अतिरिक्त हैंगर बनाने का काम शुरू हो चुका है। इनके पूरा होने के बाद कुल क्षमता 50 विमानों तक पहुंच जाएगी। **इंटरनेशनल टर्मिनल :** डोमेस्टिक उड़ानों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सेवाओं की तैयारी भी जोरों पर है। टर्मिनल बिल्डिंग में इंटरनेशनल सेक्शन का निर्माण तेजी से चल रहा है। फिनिशिंग का काम अंतिम चरण में है और अगस्त 2026 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की शुरुआत की जा सकेगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ आर.के. सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट को जल्द से जल्द पूर्ण रूप से परिचालन योग्य बनाने के लिए सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय के साथ काम कर रही हैं। डीजीसीए, बीसीएएस और अन्य विभागों के बीच निरंतर बैठकें हो रही हैं ताकि बाकी बची औपचारिकताएं शीघ्र पूरी की जा सकें।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पूरे उत्तर भारत के एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ऊंचाई देने वाला प्रोजेक्ट है। हालांकि, सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करते हुए सभी अड़चनों को दूर करने की प्रक्रिया जारी है। यदि अगले कुछ दिनों में बीसीएएस की मंजूरी मिल जाती है, तो मई के अंत तक जेवर से पहली उड़ानें आसमान छू सकती हैं। यह न केवल यात्रियों के लिए नया विकल्प होगा, बल्कि भारत के एविएशन सेक्टर में एक नई शुरुआत भी साबित होगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN HERALD BANGALORE 22 APRIL 2026

Proposal to turn 700-acre HAL airport into global aerospace hub

10-year plan for defence–civil–space corridor at HAL Aerospace City District

BENGALURU, DHNS

A Government of Karnataka (GoK) undertaking has proposed an ambitious 10-year plan to transform the HAL Old Airport area into a global aerospace hub, aiming to position Bengaluru among the world's top aviation centres by 2036.

The proposal, titled 'HAL Aerospace Renaissance Masterplan (2026–2036)', recommends redeveloping nearly 700 acres of Hindustan Aeronautics Limited (HAL) land into a next-generation aerospace innovation district. It envisions creating a USD 20 billion aerospace economy within a decade.

According to the document submitted by the Karnataka State Industrial and Infrastructure Development Corporation (KSIIDC) and the State Policy and Planning Commission, the project seeks support from the Union government for regulatory clearances, infrastructure funding, and a supportive policy framework.

The masterplan outlines a 10-year roadmap to establish the HAL Aerospace City District as India's first integrated defence–civil–space corridor. Key initiatives include the creation of advanced manufacturing clusters for airframes, engines, avionics, composites, and rotorcraft; development of HAL air mobility campuses; and the launch of a global training and skilling academy.

The proposal also emphasises building a strong ecosystem by involving global aviation majors such as Airbus, Boeing, Embraer, Rolls-Royce, GE Aerospace, and Safran, alongside Indian institutions, including the Indian Air Force, DRDO, and ISRO.

PROJECT PHASES

2026-29: Regulatory approvals, land-use optimisation, and infrastructure groundwork.

2029-33: Development of MRO clusters, smart hangars, and digital aviation systems.

2033-36: Full integration of civil, defence, and space aviation systems, along with green energy adoption.

A file photo of the HAL Old Airport area.

It recommends a diversified funding model comprising government investment, public-private partnerships (PPPs), global collaborations, and sovereign green finance instruments.

The Karnataka State Policy and Planning Commission, which mooted the proposal, expects the project to generate over two lakh high-skilled jobs and elevate Bengaluru into the world's top five aerospace cities by 2036. The document highlights alignment with national priorities such as defence modernisation, Aatmanirbhar Bharat, and aviation self-reliance.

"The HAL Aerospace Renaissance Masterplan is a national capability-acceleration platform, not merely a state-level initiative. It directly advances India's defence preparedness, aviation self-reliance, clean energy transition, and global aerospace competitiveness," said S Mohanadass Hegde, a member of the commission, in his report submitted to Chief Secretary Shalini Rajneesh.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

RS DAINIK JAGRAN DELHI 23 APRIL 2026

आइजीआइ अब ग्लोबल एविएशन हब बनने की दिशा में निर्णायक छलांग लगाने को तैयार

आइजीआइ टर्मिनल-3 के पियर-सी का घरेलू से अंतरराष्ट्रीय पियर में रूपांतरण का कार्य हुआ पूरा

नागरिक उड्डयन मंत्रालय, इमिग्रेशन व सुरक्षा एजेंसियों से अंतिम मंजूरी का इंतजार

गौतम कुमार मिश्रा • जागरण

नई दिल्ली : इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आइजीआइ) अब ग्लोबल एविएशन हब बनने की दिशा में निर्णायक छलांग लगाने को तैयार है। टर्मिनल-3 के पियर-सी का घरेलू से अंतरराष्ट्रीय पियर में रूपांतरण का कार्य, कई बाधाओं और समय सीमा बीतने के बाद आखिरकार पूरा हो गया है। इसे शुरू करने के लिए एयरपोर्ट संचालन एजेंसी डायल को नागरिक उड्डयन मंत्रालय, इमिग्रेशन और सुरक्षा एजेंसियों से अंतिम मंजूरी का इंतजार है।

परियोजना के पूरा होने की राह आसान नहीं रही। इसे मूल रूप से अगस्त-सितंबर 2025 तक, यानी सर्दियों के शेड्यूल से पहले तैयार होना था। इसके बाद मास्टर प्लान 2026 के तहत 15 जनवरी की समय सीमा तय की गई, लेकिन तकनीकी कारणों और सुरक्षा मानकों को पूरा करने के चलते यह डेडलाइन भी निकल गई। आखिरकार

आइजीआइ एयरपोर्ट टर्मिनल-3 । फाइल

मार्च में निर्माण कार्य पूरा हुआ और अब अप्रैल के चौथे सप्ताह में यह संचालन के लिए तैयार है। वर्तमान में डीजीसीए, बीसीएएस, इमिग्रेशन और कस्टम्स जैसी एजेंसियों से अंतिम क्लीयरेंस की प्रक्रिया चल रही है।

पियर-सी के अंतरराष्ट्रीय बनने से 'पैसेंजर मिक्सिंग' (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का मिलना) की समस्या खत्म होगी। इसमें उन्नत इमिग्रेशन काउंटर, आधुनिक सुरक्षा स्क्रीनिंग और अंतरराष्ट्रीय स्तर के बोर्डिंग गेट्स लगाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव एयरसाइड ट्रांसफर की सुविधा है, जिससे टी-1 और टी-3 के बीच यात्रियों का आवागमन आसान होगा। कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़ने के लिए यात्रियों को एयरपोर्ट से बाहर नहीं निकलना पड़ेगा।

नोएडा एयरपोर्ट से मई अंत तक शुरू होगी विमान सेवा

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मई अंत में यात्री व कार्गो विमान सेवा शुरू हो जाएगी। देश के 17 प्रमुख शहरों के लिए नोएडा एयरपोर्ट से विमान उड़ान भरेंगे। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. (यापल) की मंगलवार को हुई बोर्ड बैठक में गृह मंत्रालय द्वारा नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के प्रस्ताव को अस्वीकार करने जैसी परिस्थिति पर भी चर्चा हुई। एयरपोर्ट संचालन शुरू करने के लिए यापल कंपनी के सीईओ पद पर जल्द किसी भारतीय की नियुक्ति का फैसला कर सकती है।

नोएडा एयरपोर्ट को छह मार्च को एयरोड्रम लाइसेंस मिला था। 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों एयरपोर्ट के उद्घाटन के बाद से यात्री सेवा शुरू होने का लोगों को बेसब्री से इंतजार है, लेकिन यापल सीईओ के विदेशी नागरिक होने के कारण गृह मंत्रालय ने नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के प्रस्ताव को अस्वीकार कर झटका दे दिया। इससे एयरपोर्ट सुरक्षा प्रोग्राम को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो की स्वीकृति

17 प्रमुख शहरों के लिए नोएडा एयरपोर्ट से विमान उड़ान भरेंगे

नोएडा एयरपोर्ट । फाइल

में पेच फंस गया है। एयरपोर्ट से विमान सेवा जल्द शुरू करने को लेकर यापल की बोर्ड बैठक में मौजूदा हालात पर चर्चा हुई। एयरपोर्ट सुरक्षा प्रोग्राम की स्वीकृति के लिए यापल सीईओ पद पर भारतीय अधिकारी की नियुक्ति की फैसला जल्द ले सकती है। कंपनी में सीनियर स्तर पर कई अधिकारी कार्यरत हैं। उनमें से भी किसी को सीईओ नियुक्त किया जा सकता है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. के सीईओ राकेश कुमार सिंह का कहना है कि मई के अंत तक एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू होगी। इंडिगो, अकासा आदि 17 शहरों के लिए विमान सेवा शुरू करेंगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN TIMES DELHI 23 APRIL 2026

यापल की बोर्ड बैठक में एयरलाइंस कंपनियों से वार्ता, 17 शहरों के लिए घरेलू उड़ान की योजना पर काम शुरू

अगले माह से उड़ानें शुरू करने की तैयारी

नोएडा एयरपोर्ट

ग्रेटर नोएडा, प्रमुख संवाददाता। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अगले महीने उड़ान शुरू करने की तैयारी है। इसे लेकर एयरलाइंस कंपनियों के साथ वार्ता की गई। एयरलाइंस कंपनियों ने शुरुआत में 17 शहरों के लिए घरेलू उड़ानें शुरू करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है।

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (यापल) की एयरपोर्ट साइट पर मंगलवार को बोर्ड बैठक हुई। इसमें एयरपोर्ट से उड़ान शुरू होने के संबंध में आ रही रुकावट समेत अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की गई। मई के अंत तक एयरपोर्ट से घरेलू और कार्गो विमान सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया। तीन एयरलाइंस कंपनियों के पदाधिकारियों से वार्ता की गई। शुरुआत में एयरपोर्ट से 17 फ्लाइट शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया। अब तक उड़ान के लिए शहरों का चयन नहीं हो सका है। एयरपोर्ट का 28 मार्च को प्रधानमंत्री के हाथों शुभारंभ हो चुका है।

जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अंतरराज्यीय द्वार बनकर तैयार है। • हिन्दुस्तान

एयरपोर्ट परिसर में होटल दिसंबर तक तैयार होगा

एयरपोर्ट परिसर में रोजिएट होटल का निर्माण कार्य जारी है। इसे दिसंबर 2026 तक तैयार कर लिया जाएगा। इसका निर्माण कार्य अंतिम दौर में है। यहां पर फिनिशिंग का काम चल रहा है। बताया जा रहा है कि उड़ान शुरू होने के बाद एयरपोर्ट कर्मचारियों, क्रू मेंबर और एयर होस्टेस समेत यात्रियों को ठहरने के लिए इसमें विशेष इंतजाम होंगे। इसके अलावा वीवीआईपी और वीआईपी के लिए लॉज भी बनेंगे। होटल में खानपान के विशेष इंतजाम भी होंगे।

विमानों के लिए 25 नए स्टैंड बनाए जाएंगे

यापल की बैठक में निर्णय लिया गया कि एयरपोर्ट पर अगले दो वर्षों में विमानों को खड़ा करने के लिए 25 नए स्टैंड बनेंगे। इस पर 300 करोड़ का खर्च आएगा। वर्तमान में 28 स्टैंड तैयार हैं। इनमें तीन कार्गो और 25 व्यावसायिक विमानों के लिए हैं। रनवे से हर दो मिनट में एक विमान उड़ेगा।

> यापल की बोर्ड बैठक में मई के अंत तक एयरपोर्ट से घरेलू और कार्गो उड़ान शुरू करने का निर्णय लिया गया है। गृह मंत्रालय की आपत्तियां दूर करने का काम शुरू हो गया है। इसी माह में एएसपी को मंजूरी दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।
>
> **-आरके सिंह,** सीईओ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

JANSATTA DELHI 23 APRIL 2026

नोएडा हवाई अड्डे से अगले माह उड़ानें शुरू करने की तैयारी

सत्रह शहरों के लिए घरेलू सेवा की योजना पर काम

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 22 अप्रैल।

जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अगले महीने उड़ानें शुरू करने की तैयारी है। विमानन कंपनियों ने शुरुआत में 17 शहरों के लिए घरेलू उड़ानें शुरू करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। यीडा सीईओ आरके सिंह ने बताया कि यमुना इंटरनेशनल एअरपोर्ट लिमिटेड (यापल) की मंगलवार को बोर्ड बैठक हुई।

बैठक में हवाई अड्डे से उड़ान शुरू होने में आ रही रुकावटों समेत अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की गई और मई के अंत तक हवाई अड्डे से घरेलू और कार्गो विमान सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सुरक्षा क्लीयरेंस के लिए गृह

मंत्रालय की आपत्तियों को दूर करने का काम शुरू हो गया है। विमानन कंपनियों ने शुरुआत में 17 उड़ान शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। जिसका पूरा खाका तैयार करने समेत टिकट बुकिंग सेवा शुरू करने की प्रक्रिया को भी अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, अब तक उड़ान के लिए शहरों का चयन नहीं हो सका है। वहीं, नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बकास) से उड़ान के लिए अंतिम मंजूरी के प्रस्ताव पर विदेशी सीईओ का मसला सुलझाने पर भी अधिकारियों के बीच मंथन हुआ। एअरपोर्ट सिक्योरिटी प्रोग्राम (एएसपी) के लिए सभी आपत्तियां इसी माह में दूर करने का दावा किया गया। यापल की बोर्ड बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हवाई अड्डे पर अगले दो वर्षों में विमानों को खड़ा करने के लिए 25 नए स्टैंड बनेंगे, जिस पर करीब 300 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। वर्तमान में 28 स्टैंड बनकर तैयार हैं, जिनमें तीन कार्गो और 25 व्यावसायिक विमानों के लिए हैं।

हवाई अड्डे पर 10 एयरोब्रिज जोड़े गए हैं, जिससे विमान यात्री एक साथ उड़ान भर सकेंगे। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का गत 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया था।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

MILLENNIUM POST DELHI 23 APRIL 2026

INDIAN CEO MANDATORY FOR GREENFIELD AIRPORTS

Home Ministry blocks foreign CEOs for airports, Jewar Airport launch hit

DIPIKA KIROLA

NOIDA: The Union home ministry has rejected a proposal to amend rules that would have allowed a foreign national to serve as chief executive of a greenfield airport, a decision that directly affects the upcoming Noida International Airport at Jewar, officials familiar with the matter said.

Current regulations mandate that the CEO of a greenfield airport in India must be an Indian citizen, primarily on aviation security grounds. A request to relax this rule was sent by the Bureau of Civil Aviation Security (BCAS), the aviation security regulator under the civil aviation ministry, but was declined. "The home ministry is not in favour of allowing expatriates to head greenfield airports," an official said.

The decision narrows options for the Noida International Airport, which is being developed and will be operated by Yamuna International Airport Pvt Ltd, a subsidiary of Switzerland-based Zurich Airport International AG. The airport's current CEO, Christoph Schnellmann, is a Swiss national. In the worst-case scenario, officials indicated, the operator may have to appoint an Indian national to the role.

The issue has also emerged as a hurdle to the airport's operational readiness. Although the airport has received its aerodrome licence, a key clearance—the Aerodrome Security Programme (ASP)—remains pending. Officials said the CEO has neither received mandatory security clearance from the home ministry nor been vetted by BCAS, both of which are required for airport executives.

A spokesperson for the airport said the operator is working closely with BCAS to secure approval for the ASP. "Following this, we will coordinate with stakeholders to finalise timelines for the commencement of commercial operations. Our focus is on ensuring that all systems and processes are aligned for a safe and efficient launch," the spokesperson said, without commenting on the CEO's clearance status.

The requirement stems from a BCAS aviation security (AVSEC) order issued on 17 January 2011, which stipulates that the CEO of Indian nationality at every greenfield airport will act as the security coordinator responsible for implementing aviation security measures.

Officials said the matter has been under discussion for several years. In 2022, a show-cause notice was issued to the airport operator for non-compliance with the AVSEC order, and a proposal to amend the rules was initiated, though it did not reach a conclusion.

The Noida International Airport, located in Jewar near Greater Noida, was inaugurated by Prime Minister Narendra Modi on 28 March. However, following the home ministry's decision, uncertainty remains over the timeline for the commencement of commercial flight operations.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE MORNING STANDARD DELHI 23 APRIL 2026

Old foreign CEO rule delays operations at Noida airport

EXPRESS NEWS SERVICE @ New Delhi

THE start of long-delayed commercial operations at the Noida International Airport (NIA) is set to be pushed further, with the Ministry of Home Affairs declining a proposal to amend a 15-year-old rule barring foreign nationals from heading new airports, a government source said. The chief executive officer at a Greenfield airport also serves as the security coordinator, making it a sensitive position. NIA currently has a Swiss CEO, Christoph Schnellmann.

The project is being executed by Yamuna International Airport Private Limited, a subsidiary of Zurich Airport International AG, making it India's first airport run by a 100% foreign entity.

A 2011 order by the Bureau of Civil Aviation Security mandates that the CEO of every Greenfield airport must be an Indian national and act as the security coordinator, responsible for implementing aviation security measures. An official said the BCAS cannot grant clearance unless the Home Ministry approves any relaxation.

The airport was inaugurated by PM Narendra Modi on March 28, with expectations of operations starting soon. The Directorate General of Civil Aviation had granted the aerodrome licence on March 6. However, sources said the second phase of security clearance—the Aerodrome Security Programme (ASP)—remains pending.

"The ASP documents the security framework and contingency plans in case of emergencies," a source said.

Responding to queries, the airport said in a statement, "We are working closely with the BCAS to secure approval for the ASP. Following this, we will coordinate with all stakeholders to finalise timelines for the commencement of commercial operations. Our efforts are focused on ensuring that all systems, processes, and personnel are fully aligned to deliver a safe, efficient, and seamless start of operations."

Officials indicated that the airport may need to appoint an Indian CEO or explore alternative arrangements with the government. A Home Ministry official declined to comment, while BCAS Director General Rajesh Nirwan did not respond to repeated calls.

Airport was inaugurated by PM on March 28

The airport was inaugurated by PM Narendra Modi on March 28, with expectations of operations starting soon. The Directorate General of Civil Aviation had granted the aerodrome licence on March 6. However, sources said the second phase of security clearance—the Aerodrome Security Programme—remains pending.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

NAVBHARAT TIMES DELHI 23 APRIL 2026

नोएडा एयरपोर्ट के विदेशी CEO का मामला पहुंचा 'सेवा तीर्थ'

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

- विदेशी सीईओ क्रिस्टोफ ग्नेलमान को बदलकर इनकी जगह भारतीय सीईओ को रखने का मामला
- पीएमओ में इस मामले पर देर शाम मीटिंग शुरू हुई

■ **नई दिल्ली:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्विटजरलैंड के विदेशी सीईओ क्रिस्टोफ ग्नेलमान को बदलकर इनकी जगह भारतीय सीईओ को रखने का मामला बुधवार को 'सेवा तीर्थ' यानी प्राइम मिनिस्टर ऑफिस (पीएमओ) पहुंच गया। यहां इस मसले को लेकर देर शाम मीटिंग शुरू हुई। जिसमें पीएमओ के अधिकारी और नागर विमानन मंत्रालय समेत अन्य संबंधित एजेंसियों के भी अफसर पहुंचे।

नोएडा एयरपोर्ट के विदेशी सीईओ को बदलकर इनकी जगह भारतीय सीईओ को रखने वाली खबर एनबीटी द्वारा सबसे पहले 21 अप्रैल को छापने के बाद सुर्खियों में आए इस मसले पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने संज्ञान लिया। सूत्रों का कहना है कि भारत में पहली बार दो देशों के बीच फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (FDI) प्रोजेक्ट के तहत तैयार किए गए नोएडा एयरपोर्ट के विदेशी सीईओ के मामले को गंभीर मानते हुए पीएमओ ने इसके लिए अर्जेंट मीटिंग बुलाई। जिसमें सभी के पक्ष सुने गए। सूत्रों के मुताबिक, मामले में इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) और केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA) की विदेशी सीईओ की जगह हर सूरत में भारतीय सीईओ रखना ही होगा पर विचार-विमर्श किया गया।

सूत्रों का कहना है कि मामला यहां नोएडा एयरपोर्ट के विदेशी सीईओ क्रिस्टोफ ग्नेलमान को एयरपोर्ट से बाहर करने का नहीं है, बल्कि उन्हें केवल सीईओ के पद से हटाने का बताया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह तय है कि देश के तमाम हवाई अड्डों की सुरक्षा संबंधित नियम बनाने और उन्हें लागू कराने वाली एजेंसी ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) के सुरक्षा को लेकर 2011 के नियम कहते हैं कि भारत में किसी भी एयरपोर्ट का सीईओ विदेशी नहीं हो सकता।

इस पद पर हर सूरत में भारतीय नागरिक ही होना जरूरी है। ऐसे में आईबी और गृह मंत्रालय की रिपोर्ट सही है, अब अगर क्रिस्टोफ को नोएडा एयरपोर्ट पर बनाए ही रखना है तो उन्हें सीईओ की जगह कोई दूसरी जिम्मेदारी दी जा सकती है। सूत्रों का कहना है कि अब फैसला नोएडा एयरपोर्ट ऑपरेटर को लेना है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE TIMES OF INDIA BANGALORE 22 APRIL 2026

Plan to turn HAL airport into mega aviation hub

ManuAiyappa.Kanathanda
@timesofindia.com

TOI

SET TO SPREAD WINGS? The state govt admits the proposal hinges on clearance from the Centre

Bengaluru: The state govt is preparing a 10-year blueprint to turn HAL airport campus in Bengaluru into an integrated defence-civil-space aviation district, positioning the city among the world's leading aerospace hubs.

HAL Aerospace Renaissance Masterplan (2026–2036), prepared by Karnataka State Policy and Planning Commission (KSPPC) and submitted to chief secretary Shalini Rajneesh for central clearance, proposes redeveloping nearly 700 acres into a unified ecosystem combining military aviation, commercial operations, space mobility and emerging technologies. If cleared, the project aims to place Bengaluru alongside global centres such as Toulouse, Hamburg and Seattle by 2036.

The plan proposes a joint state-centre implementation authority to fast-track approvals, manage land use and coordinate across ministries. A digital control tower is also envisaged to track maintenance, repair and overhaul output, R&D activity, and clean energy adoption.

But the proposal hinges on central approval since the airport is administered by the ministry of defence. In a communication to the infrastructure development department, officials said, "any decisions regarding its redevelopment, land-use optimization, and integration with broader aerospace innovation activities must be taken at the level of the defence ministry."

Officials also suggested aligning the project with the Chennai-Bengaluru Industrial Corridor and the Bengaluru-Mumbai Economic Corridor to strengthen trade and logistics networks.

Mohandas Hegde, KSPPC member, said that if executed through a PPP or joint venture with global aerospace majors and national institutions, the project could generate over $20 billion in economic output and create more than two lakh high-skilled jobs.

The blueprint suggests a key pillar is a Safran-led maintenance, repair and overhaul (MRO) ecosystem and an India-based M88 engine facility for Rafale jets. It also proposes co-manufacturing air-to-surface weapons with Bharat Electronics Ltd.

The district will integrate civil aviation, defence and space-linked systems, while introducing urban air mobility such as electric vertical take-off and landing (eVTOL) air taxis and autonomous platforms with dedicated testing corridors. The plan includes a HAL Global Training and Skilling Academy to train 20,000 technicians annually.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 23 APRIL 2026

एयर चाइना की दिल्ली-बीजिंग उड़ान फिर शुरू

बीजिंग। एयर चाइना ने मंगलवार को दिल्ली और बीजिंग के बीच अपनी नॉन-स्टॉप विमान सेवा फिर से शुरू कर दी है। कोविड-19 और पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के कारण वर्ष 2020 से दोनों देशों की राजधानियों के बीच हवाई संपर्क बाधित था।

एयरलाइन के अनुसार, यह उड़ान अब हर मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को संचालित होगी। सिर्फ एयर चाइना ही नहीं, बल्कि अन्य एयरलाइंस भी सेवाएं बढ़ा रही हैं। चीन ईस्टर्न एयरलाइंस ने 18 अप्रैल को कुनमिंग और कोलकाता के बीच सीधी उड़ान शुरू की थी। इससे पहले नवंबर 2025 में शंघाई-दिल्ली मार्ग बहाल किया गया था। भारतीय एयरलाइन इंडिगो ने भी 29 मार्च से कोलकाता और शंघाई के बीच दैनिक उड़ानें शुरू कर दी हैं। एजेंसी

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 23 APRIL 2026

विमान ईंधन में इथेनॉल मिलाने की अनुमति, सरकार ने नियम बदले

प्रदूषण कम होने के साथ तेल के आयात पर निर्भरता होगी कम

नई दिल्ली। सरकार ने विमानन सेक्टर में प्रदूषण कम करने और महंगे कच्चे तेल के आयात को घटाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने विमान में इस्तेमाल होने वाले ईंधन, यानी एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) में इथेनॉल और अन्य कृत्रिम (मानव निर्मित) हाइड्रोकार्बन मिलाने की अनुमति दे दी है।

यह फैसला 'एविएशन टर्बाइन फ्यूल (मार्केटिंग का विनियमन) आदेश, 2001' में संशोधन करके लिया गया है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम (1955) के तहत आता है। नए नियम के अनुसार, एटीएफ अब ऐसे ईंधन के रूप में माना जाएगा जो तय मानकों (आईएस 1571) पर खरा उतरता हो या फिर आईएस 17081 मानकों के अनुसार सिंथेटिक (कृत्रिम) हाइड्रोकार्बन के साथ मिलाया गया हो। ब्यूरो

टिकाऊ विमानन ईंधन को बढ़ावा

दुनिया के कई देश, जैसे ब्रिटेन और जापान, पहले से ही टिकाऊ विमानन ईंधन को बढ़ावा दे रहे हैं। यह ईंधन कचरे के तेल और वसा, चीनी और अनाज, नगर ठोस कचरे, लकड़ी, कृषि अवशेष या कार्बन डाइऑक्साइड जैसे स्रोतों से बनाया जाता है। इसे ही सिंथेटिक या मानव निर्मित ईंधन भी कहा जाता है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए ऐसे ईंधन के मिश्रण का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत 2027 तक 1%, 2028 तक 2% और 2030 तक 5% तक मिश्रण करने की योजना है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 23 APRIL 2026

AI mulls 15-20% flight cuts on fuel cost, operational hurdles

PROFIT DRAG. Deeper cuts seen in global routes as longer flight times impact aircraft use

Rohit Vaid
New Delhi

After reportedly posting a loss of around ₹20,000 crore ($2.4 billion) in FY26, the Tata Group-led Air India is planning to curtail operations amid rising jet fuel prices and operational challenges, industry sources told *businessline*.

According to the sources, the airline is evaluating a 15-20 per cent reduction in flight operations, while at the Group level, the curtailment may be 10-15 per cent.

Air India did not respond to queries on the reported review of its flight schedule despite multiple messages and e-mails.

The proposed cut could impact more than 100 flights out of the over 1,100 daily services operated by Air India Group.

On a standalone basis, Air India currently operates more than 700 flights daily, serving multiple domestic and international destinations.

The proposed move is expected to affect airfares and capacity during the peak travel season.

SCALING BACK. The proposed cut could impact more than 100 flights out of the over 1,100 daily services operated by the Air India Group

FARE EFFECT

Sources said international routes are expected to bear the brunt of the cuts as higher operating costs weigh on aircraft utilisation and route economics.

The airline has been reviewing capacity deployment across its network in response to mounting operational pressures, particularly on overseas routes.

In terms of sectors, the proposed reduction is expected to be concentrated largely on long-haul routes to Europe and North America.

Industry executives said airspace diversions and route adjustments have increased flying times on several corridors, affecting fleet utilisation and limiting the number of rotations aircraft can perform within a given schedule cycle.

"Aircraft are spending more time in the air for the same route, which directly affects utilisation and network efficiency," an industry executive familiar with the developments said.

FUEL DRAG

Besides, elevated aviation turbine fuel prices have added pressure on operating margins.

Fuel remains among the largest cost components for airlines, and sustained price increases are prompting carriers to reassess route viability and frequency planning.

Sources said the move is being framed internally as network optimisation, not a pullback from expansion.

The airline is identifying routes where temporary frequency cuts or schedule tweaks can improve cost efficiency while maintaining connectivity. The final call on the proposal may be taken at the board meeting slated for early May.

While domestic routes may see selective tweaks, industry sources expect a sharper impact on international operations, where cost pressures are higher and turnaround economics have become more challenging.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 23 APRIL 2026

Govt amends ATF regulations, allows SAF blending in jet fuel

WAR IMPACT. Oil Ministry has also updated the legal procedures for enforcement and compliance

Rishi Ranjan Kala
New Delhi

The Ministry of Petroleum & Natural Gas has notified blending of synthesised hydrocarbon such as sustainable aviation fuel (SAF) with aviation turbine fuel (ATF).

SAF is produced from renewable feedstock such as ethanol, agricultural residues, biomass, waste oils and municipal waste, and it offers a powerful pathway to decarbonise the aviation sector.

The Ministry has amended the Aviation Turbine Fuel (Regulation of Marketing) Order, 2001, to allow the blending of ethanol in jet fuel.

In a notification on April 17, 2026, it said, "Aviation turbine fuel is a complex mixture of hydrocarbons conforming to IS 1571 specification or its blend with synthesised hydrocarbons."

WIN-WIN. This amendment lays the foundation for building a complete SAF ecosystem in India from feedstock to production to end-use REUTERS

TruAlt Bioenergy Managing Director Vijay Nirani said, "At first glance, the Aviation Turbine Fuel (Regulation of Marketing) Amendment Order, 2026 may appear to be a technical update, but it marks a very important shift in India's energy direction."

By formally allowing ATF to be blended with synthesised hydrocarbons, he added that the policy has created a "clear pathway for SAF to become part of the mainstream aviation ecosystem."

For the industry, this amendment provides much-needed regulatory clarity and confidence for long-term investments. It lays the foundation for building a complete SAF ecosystem in India from feedstock to production to end-use, he added.

OIL MINISTRY UPDATE

The Oil Ministry has also updated the legal procedures for enforcement and compliance.

"The provisions of section 103 of the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023 (46 of 2023), relating to search and seizure shall, as far as may be, apply to searches and seizures under this order," the notification said.

This is expected to push the usage of SAF and will help in reducing crude oil imports, which account for more than 85 per cent of the requirement.

The government has already set a target of achieving 1 per cent SAF blending with jet fuel by 2027, 2 per cent by 2028 and 5 per cent by 2030.

